दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 25 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 149

महत्वपूर्ण एवं खास

दिल्ली दक्षिण सीजीएसटी ने 611 करोड़ रुपए के नकली चालान रैकेट का खुलासा किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली दक्षिण सीजीएसटी आयुक्तालय के अधिकारियों को कुछ फर्जी फर्मों के संबंध में एक विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी, जो पूरी तरह से नकली चालान के माध्यम से अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त करने के उद्देश्य से बनाई गई थी। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पंजीकृत 54 फर्जी फर्मों को चलाने वाले एक कार्टेल का पता लगने पर, दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर तलाशी और निरीक्षण किया गया, जो नकली चालान और सर्कुलर ट्रेडिंग में लिप्त थे। तलाशी के दौरान विभिन्न फर्मों की रबर स्टैंप और लेटर हेड, मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि जैसे आपत्तिजनक दस्तावेज परिसर से जब्त कर लिए गए हैं। अब तक इन लेन-देन की प्रारंभिक जांच में करीब 611 करोड़ रुपये के फर्जी चालान और 38.5 करोड़ रुपए से अधिक की कर चोरी का खुलासा हुआ है। कार्टेल के सदस्यों ने अपने इकबालिया बयानों में इन फर्जी फर्मों के प्रबंधन में अपनी भूमिका स्वीकार की है। इन फर्जी फर्मों को चलाने वाले लोगों ने सरकार को धोखा देने की साजिश रची और सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 132 (1) (बी) और 132 (1) (सी) के तहत निर्दिष्ट अपराध किए, जो संज्ञेय और गैर-जमानती हैं। गिरोह के तीन प्रमुख व्यक्ति इन फर्जी फर्मों के मास्टरमाइंड अंकित गुप्ता, और उनके दो सहयोगी रबीन्द्र सिंह और राजेंद्र सिंह को कल 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

यूक्रेन संकट के बीच पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाएगी मोदी सरकार, पीएम मोदी ने की वित्त मंत्री से बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। पड़ोसी देश यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पूरी दुनिया पर महंगाई का संकट मंडराने लगा है। रूस द्वारा यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू करने के बाद वैश्विक कच्चे तेल में 100 डॉलर का उछाल आया है। लगभग आठ साल बाद कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर के पार गए हैं। ऐसे में तमाम देश अपनी-अपनी रणनीतियां बनाने में जुट गए हैं। माना जाता है कि भारत के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मौजूदा उत्पाद शुल्क स्तरों का आकलन करने के लिए वित्त मंत्रालय को अवगत करा दिया है। वित्त मंत्रालय इस बात का आकलन कर रहा है कि वह बढ़ते उत्पाद शुल्क को किस हद तक झेल सकता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कच्चे तेल के बढ़ते दामों के बीच भारत सरकार पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाने पर विचार कर सकती है। रूस-यूक्रेन संकट के आर्थिक प्रभाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के प्रभाव को कम करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार शाम को वित्त मंत्री और अन्य प्रमुख अधिकारियों से मिलने की संभावना है। हालांकि पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाने को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा गया है। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के मामले से अवगत है और एफएसडीसी की बैठक के दौरान भारत की वित्तीय स्थिरता के लिए एक चुनौती के रूप में इस पर चर्चा की थी। स्थानीय ईंधन की कीमतें पिछले साल 4 नवंबर से स्थिर बनी हुई हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये और पेट्रोल पर 5 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की थी। केंद्र के इस कदम के बाद, कई राज्यों ने ईंधन की कीमतों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को कम करने की भी घोषणा की। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत रिकॉर्ड उच्च स्तर पर चढ़ने के साथ, तेल मार्केटिंग कंपनियां जल्द ही ईंधन की कीमतों में संशोधन कर सकती हैं।

ट्रक के पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत

छपरा (आरएनएस)। बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में गुरूवार को ट्रक के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिरांद गांव के समीप टमाटर लदे पिकअप वैन में बालू लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद पिकअप वैन पर सवार लोगों ने बालू लदे ट्रक चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गया। इस घटना में उक्त ट्रक पर सवार ट्रक के मालिक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि ट्रक चालक फरार हो गया।

रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने बंद किया एयरस्पेस, दिल्ली वापस लौटा विमान

नई दिल्ली (आरएनएस)। रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला कर दिया है। इस दौरान एयरपोर्ट और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे देखते हुए यूक्रेन ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर लिया है। इस वजह से भारतीयों को वापस लाने के लिए कीव के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का एक विमान दिल्ली वापस लौट रहा है। एयरलाइन ने कहा कि एयर इंडिया की उड़ान एआई-1947 वापस आ रही है, क्योंकि कीव में नोटम जारी किया गया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने एक नोटम (एयरमेन को नोटिस) जारी किया है। इसके मुताबिक, गुरुवार सुबह से यूक्रेन के भीतर नागरिक विमानों की उड़ानें प्रतिबंधित हैं। एयर इंडिया और केंद्र सरकार ने इस नोटिस के बाद विमान को दिल्ली वापस बुलाने का फैसला किया। अधिकारियों ने कहा कि विमान ने दिल्ली लौटने के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र से यू-टर्न लिया।

आपको बता दें कि दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआईए) से सुबह करीब साढ़े सात बजे कीव के बॉरिस्पिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए उड़ान शुरू हुई थी। इस बीच कीव से यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक विमान गुरुवार सुबह करीब 7.45 बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरा। एसटीआईसी समूह की निदेशक अंजू वरिया ने कहा, उड़ान में 182 भारतीय नागरिक थे और उनमें से अधिकांश छात्र थे। कुछ और उड़ानें निर्धारित की गई हैं।

एयर इंडिया की गुरुवार की उड़ान पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र से भारतीयों को वापस लाने के लिए दूसरी उड़ान होने वाली थी। 22 फरवरी को संचालित पहली उड़ान ने लगभग 240 लोगों को वापस लाया। 19 फरवरी को एयर इंडिया ने घोषणा की कि वह 22, 24 और 26 फरवरी को भारत और यूक्रेन के बीच तीन उड़ानें संचालित करेगी।

यूक्रेन में फंसे भारतीयों के लिए केंद्र सरकार ने जारी किए हेल्पलाईन नंबर-

भारत ने रूसी सैनिकों द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला शुरू किए

जाने के बीच गुरुवार, 24 फरवरी को यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। संकट के गहराने की संभावना बढ़ गई है क्योंकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अंतरराष्ट्रीय आलोचनाओं और प्रतिबंधों को खारिज कर दिया है और अन्य देशों को चेतावनी दी है कि किसी देश ने अगर हस्तक्षेप करने की कोशिश की तो परिणाम इतने बुरे होंगे कि किसी ने सोचा भी नहीं होगा।

अब तक यूक्रेन के 9 नागरिकों की मौत हो चुकी है। वहीं, 50 रूसी और 40 यूक्रेन के सैनिकों के भी मारे जाने की खबर है। यूक्रेन ने भी रूस के 6 फाइटर जेट तबाह करने का दावा किया है। यूक्रेन में संकट के हालात के बीच कई भारतीय वहां फंसे हुए हैं। इन फंसे हुए भारतीयों की मदद के लिए भारत सरकार ने 24 घंटे की हेल्पलाइन शुरू की है। इन नंबरों पर संपर्क करके भारतीय एजेंसियों की मदद ली जा सकती है।

दिल्ली में बनाया गया है 24 घंटे का कंट्रोल रूम- दिल्ली में 24 घंटे का कंट्रोल रूम बनाया गया है। संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर +911123012113, +911123014104, +911123017905 और 1800118797 जारी किया गया है, ताकि जिन्हें मदद चाहिए, वे इस पर संपर्क कर सकें। यूक्रेन में फंसे भारतीयों के लिए +38 0997300428, +38 0997300483, +38 0933980327, +38 0635917881, +38 0935046170 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

यूक्रेन से कतर के जरिए अपने नागरिकों को निकालेगा भारत , शुरू होगी द्विपक्षीय हवाई सेवा

रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ गुरुवार को एक सैन्य अभियान शुरू करने के साथ, लगभग 20,000 भारतीय छात्रों के माता-पिता यह पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि अपने बच्चों को घर कैसे लाया जाए। भारत अपने नागरिकों को युद्धग्रस्त देश से निकालने के लिए तरीके पर विचार कर रहा है इस बीच खबर है कि भारत ने कतर के माध्यम से यूक्रेन से आने वालों को इजाजत दे दी है। यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए भारत ने कतर में अपने दूतावास को एक्टिव मोड में रखा है। कतर में भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि भारत सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत-कतर द्विपक्षीय एयर बबल व्यवस्था के तहत यूक्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रांजिट से यात्रा करने की अनुमति दी है। यानी यूक्रेन में फंसे भारतीय कतर जा सकते हैं फिर वहां से भारत जा सकेंगे। वर्तमान में 20,000 भारतीय यूक्रेन में हैं जिनमें अधिकतर छात्र हैं। इस बीच यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने अपने ताजा परामर्श में वहां रहने वाले भारतीयों से कहा है कि यूक्रेन में मार्शल लॉ लगे होने के चलते मौजूदा समय में आवागमन मुश्किल है और सायरन और बम की चेतावनी सुनने वाले लोग बम से बचाव वाले नजदीकी आश्रय में पहुंचें।

यूक्रेन में भारत के राजदूत ने बृहस्पतिवार को उस देश में भारतीयों से अपील की कि वे वर्तमान स्थिति का सामना शांत रहकर और धैर्य के साथ करें। पार्थ सत्पथी ने यूक्रेन में भारतीयों के लिए जारी एक संदेश में कहा कि स्थिति ''अत्यधिक तनावपूर्ण और बहुत अनिश्चित'' है और यह बहुत चिंता का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय और दूतावास इस कठिन परिस्थिति का समाधान खोजने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं।

जीएसटी अफसरों पर कार चढ़ाने वाला नीलेश पटेल गिरफ्तार, 762 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

अहमदाबाद (आरएनएस)। जीएसटी धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में गुजरात एटीएस ने बड़ी कार्रवाई की है। प्राइवेट कंपनी माधव कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन नीलेश पटेल को 762 करोड़ रुपये के जीएसटी फ्रॉड के मामले में अरेस्ट किया गया है। जांच एजेंसी लंबे वक्त से नीलेश पटेल को ट्रैक कर रही थी। वह काफी दिनों से फरार चल रहा थी। जीएसटी विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पहले ही अफजल सिजाणी और मुहम्मद अब्बास, रफीक अली को गिरफ्तार किया था। लेकिन नीलेश फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी। नीलेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था। नीलेश ने सुप्रीम कोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक भी लगवा दी थी, लेकिन उसे अग्रिम जमानत नहीं मिल पाई थी। यही नहीं नीलेश ने गिरफ्तारी से बचने के लिए 19 फरवरी को जीएसटी अधिकारियों पर कार चढ़ाने का भी प्रयास किया गया था। अधिकारियों को कार से टक्कर मारकर वह फरार था। इसके बाद से ही जीएसटी डिपार्टमेंट उसकी तलाश में जुटा था। गुजरात एटीएस ने बुधवार को नीलेश को गिरफ्तार किया था। नीलेश के अहमदाबाद में छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद एटीएस की टीम वहां पहुंची और नीलेश को गिरफ्तार किया। एटीएस ने मामले की जांच के लिए नीलेश को अहमदाबाद में जीएसटी विभाग को सौंप दिया।

नीलेश पटेल बीते करीब 8 महीनों से फरार चल रहा था। आरोप है कि जीएसटी के फर्जी बिलों के जरिए उसने बड़े पैमाने पर घोटाला किया है। नीलेश पटेल समेत 15 लोगों को ईडी अब तक इस केस में गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा अब तक करीब 500 करोड़ रुपये की टैक्स धोखाधड़ी से जुड़े दस्तावेज सामने आ चुके हैं। शुरुआती दौर में नीलेश पटेल को स्टेट जीएसटी की ओर से नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन वह पेश नहीं हुआ था।

गैंगरेप के बाद हत्या दोषियों को हुई उम्रकैद

- प्रत्येक पर 1.75 लाख रुपये अर्थदंड, न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद
- लापरवाह विवेचक के विरुद्ध होगी कार्रवाई, अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक लखनऊ को पत्रक भेजा
- 14 वर्षीय नाबालिग लडक़ी के साथ साढ़े आठ वर्ष पूर्व सामुहिक दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने का मामला
- अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 50 हजार रुपये पीड़ित पक्ष को मिलेगा

सोनभद्र (आरएनएस)। साढ़े आठ वर्ष पूर्व आर्केस्ट्रा देखने गई 14 वर्षीय नाबालिग लडक़ी के साथ युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने एवं गला दबाकर उसकी हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सोनभद्र पंकज श्रीवास्तव की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषियों संतोष गुप्ता एवं श्यामू यादव को उम्रकैद एवं प्रत्येक को एक लाख 75 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। जबकि कोर्ट ने लापरवाह विवेचक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक लखनऊ को पत्रक भेजा है। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 50 हजार रुपये पीड़ित पक्ष को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 10 मई 2013 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 9 मई 2013 को गांव में आई बारात में आर्केस्ट्रा आया था, जिसे देखने के लिए रात्रि में उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी गई थी। जिसके साथ अज्ञात लोगों ने सामुहिक रूप से दुष्कर्म करने के बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दिया और शव को खेत में फेंक दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पुलिस विवेचना के दौरान तीन लोगों का नाम प्रकाश में आया था। जिसमें आरोपी मानवेन्द्र सिंह उर्फ करिया सिंह निवासी पीडरिया थाना घोरावल की मौत हो गई। जबकि दो अभियुक्तों संतोष गुप्ता पुत्र मटर गुप्ता एवं श्यामू यादव पुत्र मंगल यादव निवासी पीडरिया थाना घोरावल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर संतोष गुप्ता एवं श्यामू यादव के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों संतोष गुप्ता एवं श्यामू यादव को उम्रकैद एवं प्रत्येक को एक लाख 75 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि लापरवाह विवेचक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक लखनऊ को पत्रक भेजा है। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 50 हजार रुपये पीड़ित पक्ष को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश अग्रहरि एवं सत्य प्रकाश त्रिपाठी एडवोकेट ने बहस की।

हिमाचल में पहाड़ों पर ताजा हिमपात: वाहनों की आवाजाही के लिए बंद

बर्फवारी के बाद एलर्ट जारी, पहाड़ों का रूख न करने की चेतावनी

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल की ऊंची चोटियों पर दोपहर बाद ताजा हिमपात हुआ। शिमला के मशहूर पर्यटन स्थल कुफरी, महासू-पीक नारकंडा और खड़ापत्थर में भी ताजा बर्फबारी हुई है। कुफरी में दो इंच और नारकंडा व खड़ापत्थर में तीन इंच से ज्यादा ताजा बर्फ गिर चुकी है। इससे नारकंडा में नैशनल हाईवे-05 वाहनों के लिए पूरी तरह बंद हो गया है। प्रदेशभर में ताजा बर्फबारी के बाद 227 सडक़ें और 134 विद्युत ट्रांसफार्मर (ष्ठञ्जक्र) बंद हो गए हैं। कुफरी में भी सडक़ पर फिसलन बढ़ गई है। इससे यहां सफर जोखिमभरा हो गया है। दोपहर बाद ताजा हिमपात के कारण प्रदेशभर में 120 से अधिक रूट पर बस सेवाएं भी बाधित हुई हैं। इसी तरह ष्ठञ्जक्र बंद होने से दर्जनों गांव में अंधेरा हो गया है।वहीं शिमला के जाखू व

समिट्री में भी दोपहर बाद 3:45 बजे बर्फ के हल्के फाहे गिरे। अन्य क्षेत्रों में दोपहर बाद से बारिश हो रही है। इससे राजधानी शिमला सहित ऊंचे क्षेत्रों का मौसम ठंडा हो गया है। वहीं बारिश होने से किसानों- बागवानों ने राहत की सांस ली है।मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में आगामी 26 फरवरी तक मौसम खराब बना रहेगा। गत 24 घंटे के दौरान कल्पा में 4 सेंटीमीटर, सांगला में 1 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई है।

कुल्लू (आरएनएस)। मौसम ने अचानक करवट बदली तो प्रदेश के कई हिस्सों में पिछले 2 दिनों से बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। कुल्लू जिला में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश व बर्फबारी के चलते उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने एडवाईजरी जारी करते हुए स्थानीय लोगों तथा सैलानियों को ऊंचे क्षेत्रों की ओर रूख न करने की अपील की है। उपायुक्त का कहना है कि स्थानीय लोग और सैलानी बर्फबारी के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न जाएं तथा नदी नालों से दूर रहें। ऊंचाई वाले इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण बाहरी राज्यों से आए सैलानी ज्यादा रोमांच के चलते कई बार उन क्षेत्रों का भी रुख करते हैं जहां जान पर खतरा बना रहता है। ऐसे में सुरक्षा पहली प्राथमिकता है और सैलानियों से अपील की गई है की हामटा पीक, कोठी, गुलाबा, साउथ पोर्टल, जलोड़ी जोत, जाणा फॉल जैसे ऊंचाई वाले पर्यटन गंतव्यों में ताजा बर्फबारी हो रही है ऐसे में सैलानी इन क्षेत्रों में जाने का जोखिम न ऊठाएं। कुल्लू उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से भी बारिश बर्फबारी के बीच दैनिक कार्यों को निपटाने के लिए अनावश्यक जोखिम उठाने से बचने की अपील की है। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक कुल्लू जिला में अगले दो दिनों तक वर्षा तथा बर्फबारी का अनुमान लगाया गया है।

मौत की पटाखा फैक्टरी : मंडलायुक्त कांगड़ा ने शुरू की जांच, विभागों से रिकॉर्ड तलब, बयान दर्ज

ऊना (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बाथू में अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाके और छह महिलाओं की जिंदा जलने से हुई मौत के मामले की मंडलायुक्त कांगड़ा एसएस गुलेरिया ने भी जांच शुरू कर दी है। मंडलायुक्त ने गुरुवार को विभिन्न विभागों से रिकॉर्ड तलब किया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बयान भी दर्ज किए गए। घटनास्थल का दौरा कर मंडलायुक्त ने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस हादसे से जुड़ी जानकारी टोल फ्री नंबर 1077 या 01975-225049, 225045 पर साझा कर सकता है। मंडलायुक्त शुक्रवार को भी यहां जांच जारी रखेंगे।

गुरुवार को मंडलायुक्त ने पहले आबकारी एवं कराधान विभाग, उद्योग विभाग, श्रम अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार हरोली, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फायर इंस्पेक्टर, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग गगरेट, बीएमओ हरोली, एसएचओ हरोली, पुलिस चौकी इंचार्ज टाहलीवाल, पंचायत सचिव बाथू, पटवारी से जानकारी हासिल की और रिकॉर्ड लिया। दूसरे सत्र में पंचायत प्रधान, वार्ड सदस्य व स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की। उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने बताया कि मंडलायुक्त की जांच शुरू होने के बाद एसडीएम हरोली को जांच के लिए अधिकृत करने के आदेश वापस ले लिए हैं। अब विशेष जांच टीम (एसआईटी) और मंडलायुक्त ही इस हादसे की जांच करेंगे।

उज्जैन से झालावाड़ सडक़ 50 कि.मी. तक फोरलेन होगी -केन्द्रीय मंत्री गडकरी

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा एक्सप्रेस-वे की स्वीकृति देने की मांग की

रतलाम (आरएनएस)। केन्द्रीय भूतल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मालवा अंचल को बड़ी सौगात देते हुए 5722 करोड़ की 534 किलो मीटर लम्बी 11 सडक़ परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

वर्ष 2024 तक म.प्र. की सडक़ें अमेरिका की तरह होंगी - केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश अब प्रगतिशील राज्य की श्रेणी में आ गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का बेहतरीन विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम पांच वर्ष के अन्दर मध्य प्रदेश का रोड स्ट्रक्चर अमेरिका के समान बना देंगे। साथ ही 2024 तक भारत के रोड स्ट्रक्चर को अमेरिका की तरह बनाने का प्रयास करेंगे।

केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि उज्जैन में हो रहे महाकाल विस्तारीकरण का कार्य से मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जा रहा यह कार्य निश्चित रूप से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभव प्रदान करेगा। भूतल परिवहन मंत्रालय देश में 20 रोड कम एयर स्ट्रीप बना रहा है। उज्जैन में भी इस तरह के प्रस्ताव भेजने पर स्वीकृति दी जायेगी। महाकाल आने वाले श्रद्धालुओं को इन्दौर आने की आवश्यकता नहीं होगी, अपितु उज्जैन में ही एयर बेस बनायेंगे। साथ ही उन्होंने उपलब्धता होने पर पानी पर चलने वाले प्लेन की सेवाएं भी उज्जैन संभाग में देने की बात कही।

उज्जैन-झालावाड़ मार्ग 50 कि.मी. तक फोरलेन होगा- सांसद अनिल फिरोजिया की मांग पर उन्होंने उज्जैन से झालावाड़ रोड जो टूलेन बननी है, उसमें 50 किलो मीटर तक की रोड फोरलेन बनाने की स्वीकृति प्रदान की। उज्जैन शहर में हवा से चलने वाली बस एवं बसपोर्ट का निर्माण किया जायेगा, जिससे धार्मिक नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा। लोक निर्माण विभाग को इस आशय का प्रस्ताव भेजने के लिये कहा। जावरा-उज्जैन टूलेन टोल मार्ग के बारे में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मार्ग पर पुराने टोल की समस्या दूर कर राज्य शासन प्रस्ताव भेजेगा तो नई सडक़ निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी। इन्दौर-पीथमपुर-उज्जैन मार्ग का प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

देवास-उज्जैन फोरलेन शहर तक आयेगा- देवास-उज्जैन फोरलेन को शहर तक लाने के लिये केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय तैयार है। राज्य सरकार को जमीन अधिग्रहित करके देना होगी। नर्मदा एक्सप्रेस-वे का पूरा प्रोजेक्ट लेकर राज्य सरकार आती है तो इसकी स्वीकृति पर चर्चा की जायेगी। उज्जैन के आसपास इन्दौर व गरोंठ मार्ग के निकट शासकीय जमीन चिन्हित कर यदि प्रदान की जाती है तो यहां पर लॉजिस्टिक पार्क बनाया जायेगा। प्रदेश के विभिन्न शहरों में बायपास मार्ग के लिये प्रस्ताव आने पर 400 से 600 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जायेगी।

आरओबी के प्रस्ताव स्वीकृत किये जायेंगे- केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने बताया कि इस बार सीआरएफ फण्ड में 1600 करोड़ रुपये हमें ज्यादा मिले हैं, इसलिये इस बार 10 हजार करोड़ रुपये से बहुत सारे रेलवे ओवर ब्रिज बना दिये जायेंगे। श्री गडकरी ने कहा कि इसके लिये भी मध्य प्रदेश सरकार जहां-जहां आरओबी बनना है, उसके प्रस्ताव भेजे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि जैसे-जैसे राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास हुआ है, वैसे-वैसे ही शहरों के बीच दूरियां घट गई है। अब दिल्ली से मुम्बई सडक़ मार्ग से सिर्फ 12 घंटे में पहुंचा जा सकेगा। दिल्ली से देहरादून दो घंटे में, दिल्ली से कटरा छह घंटे में, दिल्ली से श्रीनगर आठ घंटे में पहुंचा जा सकेगा। श्री गडकरी ने कहा कि आज हुए रोड शिलान्यास से अब उज्जैन से मुम्बई आठ घंटे में एवं उज्जैन से दिल्ली छह घंटे में पहुंचा जा सकेगा।